हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 07 जनवरी 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

****

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस रविवार को गुजरात में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा- आगामी बजट को अधिक से अधिक रोजगार परक और उद्योगों के अनुकूल बनाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा-खरखौदा में 10 हजार एकड़ क्षेत्र में सैटेलाइट शहर बसाया जाएगा।
- हरियाणा के सात जिलों की 48 नहरों का 315 करोड़ रुपये की लागत से नवीनीकरण किया जाएगा।
- केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा- "विकसित भारत -जी राम जी योजना" ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस रविवार को गुजरात में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे। इस पर्व के तहत सोमनाथ में साल भर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आठ से 11 जनवरी तक मनाया जाएगा, जिसमें पूरे साल आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियां होंगी। ये उत्सव मंदिर के जीर्णोद्धार की 75वीं वर्षगांठ के साथ हो रहा है। जीर्णोद्धार के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में इसका उद्घाटन वर्ष 1951 में हुआ था। प्रधानमंत्री ने हाल में अपने लेख में लिखा कि अतीत के आक्रमणकारी इतिहास में गुम हो गए, लेकिन यह मंदिर भारतीय जनता के अटूट साहस का प्रमाण बनकर खड़ा है।

****

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज केरल विधान सभा का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने केरल विधान सभा अध्यक्ष ए.एन. शमसीर

से संसदीय विषयों पर गहन चर्चा भी की। इस दौरान हरियाणा विधान सभा की संसदीय प्रक्रिया और नियमों को लेकर भी जानकारी साझा की गई।

विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने केरल विधानसभा में संसदीय प्रक्रिया के मानकों और समितियों के गठन का अध्ययन किया। श्री कल्याण ने बताया कि केरल विधानसभा की समितियों का गठन 30 माह के लिए होता है। केरल की विषय संबंधी समितियों के अध्यक्ष संबंधित विभाग के मंत्री होते हैं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आगामी बजट को अधिक से अधिक रोजगार परक और उद्योगों के अनुकूल बनाया जाएगा ताकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले व 2047 तक विकसित भारत की यात्रा में हरियाणा का योगदान अग्रणीहो। मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में बजट पूर्व परामर्श बैठक में उद्यमियों से सीधा संवाद कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि उद्योग एवं विनिर्माण क्षेत्र का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से राज्य के आगामी बजट में औद्योगिक क्षेत्र पर पूरा ध्यान दिया जाएगा।मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से मिले सुझावों पर कहा -

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बजट पूर्व परामर्श बैठक का लक्ष्य संबंधित हितधारकों के बहुमूल्य सुझाव लेकर उद्योगों के अनुकूल माहौल बनाना है। उन्होंने कहा, गत वर्ष भी उद्योगों के 71 सुझावों को बजट में शामिल किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, सोनीपत जिला के खरखौदा में 10 हजार एकड़ क्षेत्र में सैटेलाइट शहर बसाने की योजना है। इसके साथ-साथ राई में थोक बाजार बनाया जाएगा।

****

हरियाणा के सात जिलों की 48 नहरों का 315 करोड़ रुपये की लागत से नवीनीकरण किया जाएगा। इन नहरों की क्षमता बढ़ाने के लिए इनकी रिमॉडलिंग की जाएगी।

हरियाणा की सिंचाई एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने भिवानी जिला के तोशाम कस्बा में विभिन्न जल, सीवरेज व भवन निर्माण योजनाओं के आधारशिला व उद्घाटन करने के अवसर पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा -

श्रीमती श्रुति चौधरी ने आज भिवानी में 22 करोड़ की लागत से बनने वाली बूस्टिंग स्टेशन, नहरी पानी की डिस्ट्रीब्यूटरी तथा बरसाती पानी प्रबंधन परियोजना व बीपीएल कॉलोनी की आधारशिला रखी।
पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा -

श्रीमती श्रुति चौधरी ने विकसित भारत जी राम जी योजना पर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिलेगा और मजदूरों को 100 की जगह 125 दिन का काम मिलेगा।
सिंचाई मंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति संसाधन मंत्रालय की पानी की गुणवत्ता को लेकर हाल ही में आई रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पर्यावरण दूषित होने के चलते प्रदेश के 157 खंडों में से लगभग 88 खंड डार्क जोन में चले गए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में इसको दुरुस्त किया जाएगा।
****
केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा है कि विकसित भारत -जी राम जी योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।
आज फरीदाबाद में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करना, आजीविका के साधनों को मजबूत करना और युवाओं व महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने विकसित भारत –G RAM G योजना की विशेषताओं की जानकारी देते हुए कहा कि गाँव गाँव जाकर लोगों को इस योजना के बारे में बताया जाएगा ताकि लोग कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम से गुमराह न हों।

पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री पंकज पूजन रामपाल, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. पंकज बेनीवाल तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे

****